हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 25 मार्च 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री


13 मातृशक्तियों के उत्थान में सरकार की योजनाएं ...



14 कांग्रेस शासनकाल में भ्रष्टाचार, नशाखोरी...




## नवरात्रि विशेष



### सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा करने वाले को अग्नि भय, जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ।।

## खबर संक्षेप

### प्रयास में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा 10 मई को

**धमतरी।** प्रदेश के प्रतिभावान विद्यार्थियों को कक्षा नवमी से बारहवीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट तथा एनडीए की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने के लिए प्रदेश में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए 10 मई को प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन किया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि परीक्षा में शामिल होने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 17 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन भरे गए आवेदन पत्र 18 अप्रैल से 21 अप्रैल तक त्रुटि सुधार किया जा सकता है।

### तारमिस्त्री परीक्षा के लिए आवेदन 30 अप्रैल तक

**धमतरी।** संभागीय अनुज्ञापन समिति (विद्युत) जगदलपुर द्वारा इस वर्ष भी तारमिस्त्री परीक्षा का आयोजन जुलाई 2026 में किया जाएगा। इस परीक्षा के लिए बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों बस्तर, कोण्डागांव, कांकेर, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर, धमतरी एवं महासमुंद के इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदक परीक्षा से संबंधित आवेदन पत्र निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें कार्यालय, कार्यपालन अभियंता (विद्युत सुरक्षा) एवं संभागीय विद्युत निरीक्षक छत्तीसगढ़ शासन संभाग जगदलपुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्रमांक-19 आजाद चौक जगदलपुर (जिला-बस्तर) में कार्यालयीन समय में उपस्थित होना होगा। वहीं से आवेदन पत्र जमा भी किए जा सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल है।

# जिला अस्पताल में महीने भर से धूल खा रही दो आधुनिक नई एम्बुलेंस

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

महीने भर पहले पहुंची दो आधुनिक नई एम्बुलेंस लोकार्पण के इंतजार में जिला अस्पताल परिसर में धूल खा रही है। इससे मरीजों को एम्बुलेंस का लाभ नहीं मिल रहा है।

जिला अस्पताल सहित जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को देखते हुए लगातार एम्बुलेंस की मांग की जा रही थी, जिसे देखते हुए रेडक्रास सोसायटी की मदद से एक एडवांस लाइफ सपोर्ट वाली बड़ी एम्बुलेंस-एएलएस व दूसरी जीवनदीप समिति द्वारा बेसिक लाइफ सपोर्ट-बीएलएस वाली छोटी एम्बुलेंस लगभग 32 लाख से खरीदी की गई। सप्लायर कंपनी द्वारा बीते फरवरी माह में दोनों आधुनिक एम्बुलेंस को 7 फरवरी को जिला पहुंचा कर सुपुर्द कर दिया गया। इस एडवांस लाईफ सपोर्ट एम्बुलेंस में वेन्टिलेटर, आक्सीजन मानिटर, सिरिज पंप, सक्शन मशीन, स्पाईन बोर्ड, फोर्डेबल स्ट्रेचर, इमरजेंसी दवाइयां सहित अन्य सुविधाएं हैं। वहीं बेसिक लाइफ सपोर्ट वाली छोटी एम्बुलेंस भी आवश्यक सुविधाओं से लैस है। इन दोनों आधुनिक नई एम्बुलेंस को देखकर लोगों को लगा था कि अब स्वास्थ्य सेवाओं को गति मिलेगी। मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। वैसे भी जिला अस्पताल में बड़ी एम्बुलेंस की कमी बनी हुई है लेकिन दोनों एम्बुलेंस के हैंडओवर होने के बाद से उसे जिला अस्पताल परिसर में खुले में खड़ा कर दिया गया, जो महीने भर से धूल खाते खड़ी है।

बताया जा रहा है कि किसी विशेष अतिथि के धमतरी आगमन का इंतजार किया जा रहा था। उनके द्वारा ही लोकार्पण करने के साथ ही एम्बुलेंस की सेवा शुरू कर दी जाएगी। तब तक लाखों रूपये की आधुनिक सुविधाओं से लैस दोनों एम्बुलेंस खुले में धूल खाती पड़ी रहेगी।



**जिलेवासियों को है एम्बुलेंस के लोकार्पण का इंतजार**

## सुअर दांत, बाल गुच्छा सहित तीर धनुष बरामद

# हाथी दांत बेचने के चक्कर में पकड़े गए तीन आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

पांच साल पुराने हाथी दांत को बेचने की कोशिश में लगे तीन आरोपियों को रिजर्व फारेस्ट की एंटी पोंचिंग टीम ने गिरफ्तार किया है। हाथी दांत के अतिरिक्त आरोपियों से सुअर दांत और बाल गुच्छा सहित तीर धनुष बरामद किया गया है।

शुक्रवार को सहायक संचालक तौरेंगा जगदीश प्रसाद दर्रो, वन परिक्षेत्र अधिकारी दिनेश चौधरी ने टाइगर रिजर्व फारेस्ट के बफर जोन में ग्राम कुल्हाड़ीघाट निवासी पदमन पिता सुकालु कमार के घर की तलाशी ली। तलाशी में उन्हें जंगली हाथी का दांत 1 नग (लम्बा. 10 सेमी, गोलाई 13 सेमी, व्यास 4.30 सेमी), धनुष 2 नग, तीर 12 नग, घुरू 1 नग, चिड़िया मारने का धनुष 1 नग, गुलेल 2 नग, जंगली सुअर का दांत 1 नग, जंगली सुअर का बाल 1 गुच्छा बरामद हुआ। इन चीजों को जब्त कर पदमन पिता सुकालु कमार एवं उसके दो साथी पुसऊराम पिता गंगाराम जाति कमार ग्राम सिहार एवं सुखचंद नेताम पिता रतन सिंग जाति कमार ग्राम कठवा के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। विवेचना अधिकारी वन परिक्षेत्राधिकारी दिनेश चौधरी ने दो आरोपी पुसऊराम और सुखचंद नेताम को गिरफ्तार कर व्यवहार न्यायालय राजिम जिला गरियाबंद में पेश किया गया। आरोपी पदमन फरार है।



### उड़न गिलहरी के शिकारी पकड़े गए

ग्राम कुल्हाड़ीघाट निवासी गंगाधर पिता सोपसिंह मरकाम जाति गोंड़ के घर और बाड़ी की तलाशी में उड़न गिलहरी की खाल (स्कीन) 1 नग, मोर का पैर 1 नग, कोटरी सींग 1 नग बरामद हुआ। इस मामले में गंगाधर सहित कुल्हाड़ीकोट के गंगाराम पिता रिषुराम कमार और जयसिंह पिता बलीराम सोरी के विरूद्ध वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 9, 27,29, 39, 44, 49 (ख), 50, 51 एवं 52 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। मजिस्ट्रेट द्वारा आरोपियों को 14 दिनों के लिए न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिला गया है।

### पांच साल से छिपाकर रखा था हाथी दांत

आरोपियों के अनुसार यह हाथी दांत ग्राम सिहार (मैनपुर) के गंगाराम को खेत में मिला था। वर्ष 2021 में पदमन ने इसे खरीद लिया। उल्लेखनीय है कि गंगाराम की सितंबर 2022 में हाथी से मुठभेड़ के दौरान मृत्यु हो गई है। पदमन ने 4 वर्ष से अपने घर की दीवार में चुनवाकर रखा था, जिसे वह बेचने की फिराक में था। इस बीच फारेस्ट की टीम को इसकी भनक लग गई। आरोपियों द्वारा बताए गए कई बात संदेह के दायरे में है, जिसकी जांच की जा रही है। हाथी दांत के सैंपल को डीएनए मैचिंग के लिए भारतीय वन्यजीव संस्थान, देहरादून भेजा जा रहा है। पुसउराम इसी वर्ष दढईपानी में हुए सांभर शिकार मामले में भी आरोपी है और जमानत पर बाहर है।

### कार्रवाई में इनकी रही भूमिका

इस कार्रवाई में टाइगर रिजर्व के



उपनिदेशक वरुण जैन, सहायक संचालक (उदंती) मैनपुर एवं एन्टीपोंचिंग नोडल गोपाल सिंह कश्यप, सुशील कुमार सागर परिक्षेत्र अधिकारी इंदागांव, चन्द्रबली ध्रुव ⏩ शेष पेज 12 पर

## 1 हजार वृक्षों की कटाई, 75 एकड़ आबादी जमीन के चारों ओर खुदाई की शिकायत

# मोहंदी के डिप्टी रेंजर के खिलाफ प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

वन परिक्षेत्र मोहंदी के डिप्टी रेंजर पर 75 एकड़ राजस्व जमीन में अवैधानिक कार्य कर ग्रामवासियों को प्रताड़ति करने की शिकायत ग्रामीणों ने कलेक्टर से की है। मगरलोड विकासखंड के ग्राम सोनपैरी के ग्रामीणों ने मंगलवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। सोनपैरी सरपंच इन्दुलता कंवर, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष दादूराम साहू, ग्राम पटेल नेतराम साहू, रूपराम साहू, द्वारिका साहू ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि ग्राम पंचायत सोनपैरी अंतर्गत गंजीमार नामक स्थान पर 75 एकड़ राजस्व जमीन है, जो घास एवं आबादी भूमि है। राजस्व जमीन पर वन परिक्षेत्र मोहंदी के डिप्टी रेंजर ने बिना ग्रामवासियों को जानकारी दिए एवं बिना प्रशासकीय स्वीकृति के 1000 वृक्षों की कटाई कर मुरूम खनन तथा रोड निर्माण कराया है। ग्रामीणों ने बताया कि राजस्व भूमि सीमा के चारों ओर 5 फीट गहरी एवं चौड़ी खुदाई कराई गई है जो पूरी तरह से अवैधानिक एवं मनमानी है। इससे ग्रामीणों को अपूरणीय क्षति हुई है।

ग्रामीणों ने कहा है कि डिप्टी रेंजर ने वन भूमि का हवाला देते हुए ग्रामीणों को प्रताड़ति किया है। कलेक्टर से उक्त जमीन की प्रशासनिक जांच करने तथा जांच होते तक वृक्षों की कटाई पर रोक लगाने एवं डिप्टी रेंजर पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

### अतिक्रमण रोकने पर झूठी शिकायत : वाहने

इस मामले में डिप्टी रेंजर मुकुन्द राव वाहने ने बताया कि ग्रामीण वन भूमि में अतिक्रमण कर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। राजस्व जमीन के सीमांकन में त्रुटि है। तहसीलदार से पुनः सीमांकन कराने को कहा गया है। अतिक्रमण कर खेत बनाने के लिए ग्रामीण ही पेड़ों की कटाई कर रहे हैं। अतिक्रमण रोकने पर उनके खिलाफ झूठी शिकायत की गई है।

# होटल, लॉज, ढाबा व बार की हुई जांच

■ अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

जिले में अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। होटल, लॉज, ढाबा व बार की जांच कर संचालकों को सख्त हिदायत दी गई।

पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री व अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस टीम ने विभिन्न होटल, लॉज, ढाबा व बार का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



चेकिंग के दौरान संचालकों को किसी प्रकार की अवैध गतिविधि, शराब परोसने एवं शराब सेवन के लिए अवैध रूम व सामान उपलब्ध कराने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई। इस तरह के अवैध कृत्यों में संलिप्त पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई करने की हिदायत दी गई।

# भाजपा किसान मोर्चा का धरना प्रदर्शन आज

हरिभूमि न्यूज ⏩ नगरी

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला धमतरी के आह्वान पर आज 25 मार्च को बजरंग चौक में एक विशाल धरना प्रदर्शन एवं पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह विरोध प्रदर्शन प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा सिहावा क्षेत्र के किसानों को लेकर दिए गए कथित विवादित बयान के विरोध में किया जा रहा है। दोपहर 2 बजे धरना प्रदर्शन प्रारंभ होगा। 3 बजे पुतला दहन किया जाएगा। यह जानकारी महामंत्री रूपेन्द्र साहू ने दी है।

# अफीम की खेती, देह व्यापार पर युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

■ कलेक्टर के नाम 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

भारतीय राष्ट्रीय युवा कांग्रेस ने जिले में भ्रष्टाचार, अवैध कार्यों की रोकथाम एवं जांच के लिए 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा है।

मंगलवार को धमतरी विधानसभा अध्यक्ष हितेश गंगवीर के नेतृत्व में युवा कांग्रेस ने कलेक्टर के नाम आवेदन कर कहा है कि भाजपा नेता के खेत पर अफीम की खेती पर रोक एवं संबंधित अधिकारी पर जांच करने, सूखे नशे में वृद्धि के कारण चाकूबाजी, लूटपाट को रोकने कानून व्यवस्था में सुधार, पीएमजीएसवाय के तहत जंगली क्षेत्र में बनाई गई गुणवत्ताहीन सड़कों की जांचकर दोषियों पर कार्रवाई, खरेंगा दोनर मार्ग पर हो रहे गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण पर कार्रवाई एवं ठेकेदार का भुगतान रोकने, अवैध रेत एवं मुरुम खदानों पर रोक लगाने, अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई, राशन दुकानों का व्यक्तिगत रुप से संचालन की जांच की मांग की।



विवेकानंद प्रोत्साहन योजना ग्रामीण एवं पंचायत को दिया जाने वाला अनुदान है जिसका लाभ किसी भी पंचायत को नहीं मिला है, लेकिन इसी योजना के तहत नौकायान प्रतियोगिता के इनाम की राशि दी गई है जिसकी जांच होनी चाहिए। रिहायशी इलाकों में बढ़ते देह व्यापार के मामले पर छापामार कार्रवाई करने की मांग की है। युवा कांग्रेस ने मांगों पर कार्रवाई नहीं करने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान राकेश मौर्य, देवेंद्र देवांगन, आशुतोष खरे, अविनाश मारोठे, चंदन रजक, दिनेश यादव, लोकेंद्र सिन्हा आदि मौजूद थे।




## खबर संक्षेप




### भखारा-भठेली को पेयजल के लिए मिली 14.08 करोड़ की सौगात

**अंवरी।** छग शासन ने भखारा-भठेली नगर पंचायत को पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने बड़ी सौगात दी गई है। शासन ने जल प्रदाय योजना उन्नयन कार्य के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 अंतर्गत 14 करोड़ 8 लाख 85 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। यह राशि पूंजीगत मद के अंतर्गत स्वीकृत की गई है, जिससे नगर पंचायत क्षेत्र में जल आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा। योजना के तहत पम्प हाउस निर्माण, आवश्यक तकनीकी प्रावधानों के अनुरूप कार्य, गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने जैसे निर्देश भी दिए गए हैं। इस महत्वपूर्ण स्वीकृति को क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर के अथक प्रयास का परिणाम माना जा रहा है। राशि स्वीकृत होने पर नागरिकों ने विधायक अजय चंद्राकर का आभार माना है।



### जुगदेही की ज्योति का नवोदय में चयन

**कुरुद।** ब्लॉक के ग्राम जुगदेही की छात्रा कु. ज्योति साहू ने जवाहर नवोदय विद्यालय कुरुद में कक्षा 6वीं हेतु चयनित होकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। शासकीय प्राथमिक शाला जुगदेही में अध्ययनरत ज्योति ने यह सफलता कठिन परिश्रम व शिक्षक गिरधारी लाल साहू के मार्गदर्शन से हासिल की। उनके पिता लीलेश्वर साहू व माता कौशिल्या साहू ने प्रसन्नता जताई। इस उपलब्धि पर प्रधान पाठक दुष्यंत साहू, शिक्षक उत्तम साहू, भरत ध्रुव, मंजू मंडावी, लोकेश साहू, सुषमा, पायल दीदी सहित शाला समिति के सदस्यों ने हर्ष जाहिर किया हैं।



### 29 को भवन का लोकार्पण, मां कर्मा की प्राण प्रतिष्ठा

**धमतरी।** ग्राम कोलियारी में साहू समाज परिक्षेत्र लिमतरा के सहयोग से 29 मार्च को भवन लोकार्पण के साथ-साथ मां कर्मा की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न होगा। स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया है, जिसमें रायपुर से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निशुल्क जांच एवं उपचार सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

### निधन

#### चंद्रकला साहू

**सांकरा।** ग्राम सांकरा स्कूलपारा निवासी चंद्रकला साहू का आकस्मिक निधन मंगलवार को हो गया। वह मोहित राम साहू की पत्नी एवं रानू साहू की मां थी। उनके अंतिम संस्कार में समाजजन एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित होकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।



## प्रथम पृष्ठ का शेष

### हाथी दांत बेचने के चक्कर में पकड़े गए तीन आरोपी

वन परिक्षेत्र अधिकारी दक्षिण उदंती, दिनेश चौधरी वन परिक्षेत्र अधिकारी कुल्हाड़ीघाट, सुश्री ज्योति ध्रुव वन परिक्षेत्र अधिकारी उत्तर उदंती, कोमल प्रसाद बिसेन, शिवराज साहू, चुरामन घृतलहरे, ओमप्रकाश राव, ऋषि ध्रुव, भूपेन्द्र भेड़िया, ललिता मरकाम, टिकेश्वरी साहू, जानकी ठाकुर, बनीता यादव, गिरधारी बिसी, पुनीत, देवीसिंग एवं डॉग स्नीफर टीम उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व गरियाबंद और अन्य सुरक्षा श्रमिकों का योगदान रहा।

---

लीजधारी ने शासन-प्रशासन से मुआवजे की मांग की

# नाली के प्रदूषित पानी से अमतिया तालाब की मर रही मछलियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नगर पंचायत नगरी स्थित अमतिया तालाब में नालियों से आ रहे प्रदूषित पानी के कारण बड़ी संख्या में मछलियों की मौत का गंभीर मामला सामने आया है। इस घटना से तालाब में मछली पालन कर रहे लीजधारी को लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत द्वारा अमतिया तालाब को मछली पालन के लिए लीज पर दिया गया था। लीजधारी का आरोप है कि नगर की नालियों का गंदा और दूषित पानी सीधे तालाब में मिल रहा है, जिससे पानी की गुणवत्ता खराब हो गई





और हजारों मछलियां मर गईं।

लीजधारी ने बताया कि इस अप्रत्याशित घटना से उसे भारी आर्थिक क्षति हुई है। उन्होंने शासन-प्रशासन से उचित मुआवजा प्रदान करने की मांग की है, साथ ही भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए नालियों के पानी की समुचित निकासी और उपचार की व्यवस्था करने की अपील की है।

स्थानीय नागरिकों ने भी प्रशासन से मांग की है कि तालाब में गंदे पानी के प्रवेश को रोकने के लिए ठोस एवं प्रभावी उपाय किए जाएं, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मछली पालन करने वाले लोगों को भविष्य में इस प्रकार की क्षति का सामना न करना पड़े।

इस मामले में वार्ड पार्षद अलका साव ने भी गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं नगर पंचायत अध्यक्ष को कई बार अवगत कराते हुए नाली के दूषित पानी को तालाब में जाने से रोकने की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए जाने के कारण ही यह स्थिति उत्पन्न हुई है।

वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा है कि तालाब में मछलियों की मृत्यु जलकुंभी के कारण ऑक्सीजन नहीं मिलने के कारण हुई है। सफाईकर्मी से इसकी सफाई करा रहे हैं। समस्या के स्थायी समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

---

# महापौर रोहरा ने सोनकर समाज भवन विस्तार के लिए 20 लाख की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

समाजजनों के अनुरोध पर महापौर रामू रोहरा ने सोनकर समाज भवन विस्तार के लिए 20 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है।

सोनकर समाज के पदाधिकारी व समाजजनों तथा महिला प्रकोष्ठ की पदाधिकारियों ने मंगलवार को महापौर रामू रोहरा से भेंट की। इस दौरान समाजजनों ने महापौर को आवेदन देकर कहा कि धमतरी सोनकर समाज का भवन रामबाग में है। इस भवन को सभी वर्ग के लोगों को सामाजिक, धार्मिक व राजनीतिक कार्यों के लिए उपलब्ध कराया जाता है जिसे देखते हुए भवन विस्तार की आवश्यकता महसूस की जा रही है। समाजजनों के निवेदन को महापौर ने सहर्ष स्वीकार करते हुए सोनकर समाज भवन के विस्तार के लिए 20 लाख रुपए की मंजूरी दे दी जिसमें डोम



निर्माण, भवन की छत, टाइल्स फीटिंग, रंगरोगन सहित विविध कार्य सम्मिलित है। भवन विस्तार की राशि स्वीकृत किए जाने पर समाजजनों ने महापौर को धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस दौरान सोनकर समाज धमतरी राज अध्यक्ष संतोष सोनकर पार्षद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अखिलेश सोनकर पार्षद, उपाध्यक्ष ईश्वर सोनकर पार्षद, दीपक सोनकर पार्षद नेता प्रतिपक्ष, सचिव हेमंत सोनकर, सलाहकार नरेश सोनकर, सहसचिव उमेश सोनकर, सोनकर समाज महिला प्रकोष्ठ की संरक्षक सुश्री यशोदा सोनकर, अध्यक्ष अनीता सोनकर, उपाध्यक्ष रूक्मणि सोनकर, उपाध्यक्ष सीमा सोनकर, सचिव डा.सरिता सोनकर, सहसचिव हेमलता सोनकर, कोषाध्यक्ष गणेशी सोनकर, सलाहकार चंचल सोनकर, सरस सोनकर, मीडिया प्रभारी नंदनी सोनकर, सरस्वती सोनकर, तान्या सोनकर, लक्ष्मी सोनकर, अंजलि सोनकर, शीतला सोनकर सहित अन्य समाजजन उपस्थित थे।

---

# रामनवमी की तैयारी को लेकर निषाद समाज की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

रामनवमी पर्व की तैयारियों को लेकर निषाद समाज सिहावा जोन द्वारा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष रामनवमी पर्व को कर्णेश्वर महादेव मंदिर परिसर में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा। आयोजन को भव्य एवं आकर्षक बनाने के लिए सभी सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि रामनवमी पर भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन, शोभायात्रा एवं प्रसाद वितरण जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

सिहावा जोन अध्यक्ष दिलीप निषाद ने कहा कि रामनवमी केवल एक धार्मिक पर्व ही नहीं, बल्कि समाज में एकता, भाईचारा और सांस्कृतिक परंपराओं को सुदृढ़ करने का अवसर भी है। कार्यक्रम की रूपरेखा तय करते हुए सभी को सौंपे गए दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करने का संकल्प लिया गया।

---

# शीतला मंदिर में आस्था की ज्योति प्रज्ज्वलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

ग्राम विकास समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम अरौद के शीतला मंदिर में आस्था की 20 ज्योति जगमगा रही है। ग्रामीण बैगा सुखचंद यादव शीतला माता की सेवा में जुटे हुए हैं। गांव में सुख, शांति एवं समृद्धि के लिए शीतला माता की पूजा-अर्चना की जा रही है।



---

# गर्मी में बढ़ रहा रेड आई का खतरा



- नेत्र अधिकारी ने इस बीमारी से बचाव के उपाय बताए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

गर्मी का मौसम अपने साथ जहां तेज, धूप और लू लेकर आता है वहीं यह आंखों से जुड़ी समस्याओं को भी बढ़ा देता है। विशेष रूप से कंजक्टिवाइटिस जिसे आम भाषा में रेड आई या आई फ्लू कहा जाता है। इन दिनों तेजी से फैलने वाली बीमारी बन जाती है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चटौद में पदस्थ नेत्र चिकित्सा सहायक अधिकारी डॉ. लोमेश कुर्रे ने बताया कि समय पर पहचान और सही सावधानी से इस संक्रमण से बचा जा सकता है। आंख की पारदर्शी झिल्ली कंजक्टिवा में सूजन होने की स्थिति है जिसमें आंखें लाल हो जाती हैं। जलन होती है। डॉ. कुर्रे ने इस बीमारी से बचने के उपाय बताते हुए कहा कि बार-बार हाथ धोएं। आंखों को छूने से बचें। तौलिया, रूमाल या मेकअप साझा न करें। आई प्रोटेक्शन के लिए चश्मा का उपयोग करें।

---

# कालिका मंदिर में पंचमी पर विशेष पूजा







हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

मां कालिका मंदिर कालिका चौक में नवरात्रि की पंचमी पर विशेष पूजा अर्चना व महाआरती की गई। समिति के कोषाध्यक्ष दिलीप पटेल ने बताया कि इस चैत्र नवरात्रि में मंदिर में मुख्य ज्योति कलश के अलावा 37 ज्योति भक्तों द्वारा जलवाई गई है। विशेष पूजा अर्चना मंदिर के महाराज नरेशधर दीवान द्वारा करवाई गई। सचिव गजानंद मीनपाल ने बताया कि चैत्र नवरात्रि की पंचमी पर मंदिर के तीनों ध्वजा लाल, काला, सफेद की विशेष पूजा के बाद प्रत्येक वर्ष बदला जाता है। गुरुवार को अष्टमी पर हवन पूजन व शुक्रवार को नवमी पर भंडारा कार्यक्रम रखा गया है। मौके पर प्रहलाद पटेल, मुकेश पटेल, विजय शर्मा, छोटू ढीमर, तनिष्क पटेल, पद्मनी पटेल, यशोदा मीनपाल, ओमेश्वरी पटेल, आरती नाग समेत अनेक भक्त उपस्थित थे।

---

# बच्चों को दी गई विटामिन ए की खुराक



- आंगनबाड़ी केंद्र कोटपारा में शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

आंगनबाड़ी केंद्र कोटपारा नगरी में शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ वार्ड पार्षद हरीश साहू द्वारा बच्चों को विटामिन ए पिलाकर किया गया तथा बच्चों को आयरन सिरप दी गई। शिशु संरक्षण माह में 0 से 5 के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। 6 माह से 5 साल के बच्चों को आयरन सिरप और 9 माह से 5 साल तक बच्चों को विटामिन ए का घोल पिलाया गया। बच्चों का टीकाकरण, गर्भवती जांच, शिशुवती जांच एवं एनसीडी कार्यक्रम संचालित किया गया।

मौके पर नीरेंद्र साहू आरएचओ, राजकुमारी गायकवाड़ आरएचओ, वीना साहू सीएचओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ललिता गौर, सहायिका खेमिन साहू, मितानिन खिलेश्वरी साहू समेत बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

---

# विद्यार्थियों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

- झूरा नवागांव स्कूल में शेड निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शासकीय माध्यमिक शाला परिसर झूरा नवागांव में शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जनपद पंचायत उपाध्यक्ष केशव साहू, भाजपा मंडल भोथली अध्यक्ष मिश्री लाल पटेल एवं ग्राम सरपंच ने किया।

अतिथियों ने बताया कि प्रस्तावित शेड निर्माण से विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम और अन्य



गतिविधियों के लिए सुरक्षित एवं सुविधाजनक स्थान उपलब्ध होगा। शिक्षा के क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार सरकार की प्राथमिकता है। जनपद उपाध्यक्ष केशव साहू ने बताया कि शेड निर्माण कार्य में 15 लाख रुपये की लागत आएगी। इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 02 में नाली निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन किया गया।

मौके पर पंच चैन सिंह साहू, दीनदयाल निषाद, उषा बाई यादव, संध्या साहू, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष चुम्मन लाल साहू, उपाध्यक्ष टीकाराम साहू, अरुण साहू, पारसमणि साहू, डोमन लाल साहू, प्रभु राम साहू, शत्रुघ्न साहू शामिल हुए।

---

# उमरगांव में मानस सम्मेलन 25 मार्च से

**नगरी।** ग्राम उमरगांव में मानस सम्मेलन का आयोजन 25 ,2 6, 27 मार्च को रखा गया है जिसमें 18 ख्यातिप्राप्त मंडलियां रामकथा का रसपान करायेंगी। 27 मार्च को श्रीराम जन्म उत्सव मनाया जायेगा। कार्यक्रम की तैयारी में मानस सम्मेलन समिति के अध्यक्ष मोहन पुजारी, उपाध्यक्ष धनेश मरकाम, पूनमचंद कश्यप, सचिव संतोष कामडे, सहसचिव कोमल शेष, कोषाध्यक्ष अजय सिन्हा, मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सेन, रोमेश साहू अंगेश हिरवानी, विष्णु शेष, दुर्गेश पुजारी, डिकेश्वर साहू, तोपेन्द्र साहू, कृष्ण मारकोले, कृपाराम ठाकुर सहित ग्रामवासी तैयारी में जुटे हुए हैं।

---

# डेयरी उद्योग में करियर एवं व्यवसाय से अवगत हुए छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के वाणिज्य विभाग द्वारा वचन डेयरी का शैक्षिक भ्रमण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डा. अरुण कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में हुआ।

शैक्षिक भ्रमण का नेतृत्व वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष पवन कुमार ताम्रकार द्वारा किया गया। उनके साथ सहायक प्राध्यापक रेणु पाटले, अतिथि व्याख्याता डा. श्रीकांत नामदेव, अंकिता साहू एवं हिना चंद्राकर की सहभागिता रही। भ्रमण के दौरान वचन डेयरी के संचालक हेमंत ताम्रकार एवं एचआर हेड संजय



लाल तथा उनकी मौजूद थी। टीम ने दुग्ध संग्रहण, परीक्षण, प्रोसेसिंग, पैकेजिंग एवं वितरण की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने आधुनिक मशीनों एवं तकनीकों के माध्यम से होने वाली प्रक्रियाओं को प्रत्यक्ष रूप से देखा।

वचन डेयरी की उच्च गुणवत्ता, शुद्धता बनाए रखने की प्रतिबद्धता, स्वच्छ एवं हाइजीनिक वातावरण तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता ने विद्यार्थियों को प्रभावित किया। इस शैक्षिक भ्रमण से विद्यार्थियों को न केवल व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ, बल्कि उन्हें डेयरी उद्योग में करियर एवं व्यवसाय की संभावनाओं के बारे में भी जानकारी मिली।

---

केवल दूब के रस का सेवन कर आराधना

# सिवनीकला के शीतला मंदिर में 42 ज्योत प्रज्ज्वलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

ग्राम सिवनीकला के प्रसिद्ध शीतला माता मंदिर में धार्मिक आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिल रहा है जहां श्रद्धालुओं द्वारा 46 ज्योत प्रज्ज्वलित की गई है।

माता की सेवा में बैगा काशीराम तारक, पंडा लोकेश तारक, भावेश तारक अनवरत लगे हुए हैं। लोकेश तारक केवल शाम को 1 बार ही दूब का रस का पान कर रहे हैं। मंदिर परिसर में संध्या पूजन आरती के दौरान श्रद्धालुओं ने नारियल, फूल-माला एवं प्रसाद अर्पित कर माता शीतला का





आशीर्वाद लिया। मंदिर समिति के अनुसार, यह धार्मिक परंपरा वर्षों से चली आ रही है, जिसमें विशेष अवसरों पर ज्योत प्रज्ज्वलित कर पूजा की जाती है। इस दौरान पूरे मंदिर परिसर में भक्ति का माहौल बना रहता है और जय माता दी के जयकारों से वातावरण गूंज उठता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शीतला माता के दरबार में सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद पूरी होती है।

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी धमतरी के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202603130300008**

विषय :-अ-6 मामले की श्रेणी :-राजस्व
सन्न :-2025-2026
धमतरी प.ह.नं. 00033 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण :-
आवेदक पक्षकार - चन्द्रावती साहू,
अनावेदक पक्षकार - डॉ. रेहाना कदीर,

**ईश्तहार**

आवेदिका चन्द्रावती साहू पति असन कुमार साहू निवासी-टिकरापारा वार्ड धमतरी, तहसील व जिला धमतरी के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला टिकरापारा वार्ड धमतरी, तहसील व जिला-धमतरी में नजूल शीट क्रमांक 12 सी, भूखण्ड क्रमांक 18/1, क्षेत्रफल 41.48 वर्गमीटर, भू-भाटक 383.28 रू. जो पट्टा धारक डॉ. रेहाना कदीर पति मो. अब्दुल कदीर, निवासी-ईतवारी बाजार धमतरी, तहसील व जिला-धमतरी के नाम पर दर्ज एवं स्थित है। उक्त वर्णित भूखण्ड के धारक डॉ. रेहाना कदीर पति मो. अब्दुल कदीर द्वारा शीट क्रमांक 12 सी, भूखण्ड क्रमांक 18/1, क्षेत्रफल 41.48 वर्गमीटर की भूमि को आवेदिका/क्रेता चन्द्रावती साहू पति असन कुमार साहू के पक्ष में दिनांक 24/02/2026 के माध्यम से पंजीकृत विक्रय पत्र विलेख निष्पादित किया गया है। उक्त उपरोक्त पंजीकृत विक्रय पत्र विलेख के आधार पर उक्त भूखण्ड पर से धारक/विक्रेता डॉ. रेहाना कदीर पति मो. अब्दुल कदीर का नाम विलोपित कर आवेदिका/क्रेता चन्द्रावती साहू पति असन कुमार साहू का नाम अभिलेख में दर्ज करते हुए नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति पेश करना हो तो नियत सुनवाई दिनांक 06.04.2026 तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत सुनवाई तिथि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/03/2026 को जारी किया जाता है।

Mr. Pawan Kumar Premi
नजूल अधिकारी, धमतरी

**न्यायालय नजूल अधिकारी धमतरी के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202603130300007**

विषय :-अ-6 मामले की श्रेणी :-राजस्व
सन्न :-2025-2026
धमतरी प.ह.नं. 00033 [(हे0)]
पक्षकारों का विवरण :-
आवेदक पक्षकार - असन कुमार साहू,
अनावेदक पक्षकार - ए.कदीर,

**ईश्तहार**

आवेदक असन कुमार साहू पिता अर्जुन साहू, निवासी-टिकरापारा वार्ड धमतरी, तहसील व जिला धमतरी के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला टिकरापारा वार्ड धमतरी, तहसील व जिला-धमतरी में नजूल शीट क्रमांक 12 सी, भूखण्ड क्रमांक 18/3, क्षेत्रफल 12.00 वर्गमीटर, भू-भाटक 111.00 रू. जो पट्टा धारक ए.कदीर पिता एम.ए. कय्यूम, निवासी-ईतवारी बाजार धमतरी के नाम पर दर्ज एवं स्थित है। उक्त वर्णित भूखण्ड के धारक ए.कदीर पिता एम.ए. कय्यूम द्वारा शीट क्रमांक 12 सी, भूखण्ड क्रमांक 18/3, क्षेत्रफल 12.00 वर्गमीटर की भूमि को आवेदक/क्रेता असन कुमार साहू पिता अर्जुन साहू के पक्ष में दिनांक 24/02/2026 के माध्यम से पंजीकृत विक्रय पत्र विलेख निष्पादित किया गया है। उक्त उपरोक्त पंजीकृत विक्रय पत्र विलेख के आधार पर उक्त भूखण्ड पर से धारक/विक्रेता ए.कदीर पिता एम. ए. कय्यूम का नाम विलोपित कर आवेदक/क्रेता असन कुमार साहू पिता अर्जुन साहू का नाम अभिलेख में दर्ज करते हुए नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति पेश करना हो तो नियत सुनवाई दिनांक 06.04.2026 तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत सुनवाई तिथि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/03/2026 को जारी किया जाता है।

Mr. Pawan Kumar Premi
नजूल अधिकारी, धमतरी

खबर संक्षेप



### शराब खरीदने गए युवक से मारपीट

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत शुभपल्ली में शराब खरीदने की बात को लेकर विवाद हो गया। आरोपी ने कोई भी समय शराब खरीदने के लिए आ जाने की बात कहते हुए हाथ मुक्का व लात से मारपीट किया। पीड़ित ने घटना की शिकायत थाना में किया, जिस पर पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद मर्ग कायम किया। थाना पखांजुर में शिकायत करने पहुंचे शुभपल्ली पखांजूर प्राथी ने पुलिस को बताया कि वाहन चालक का काम करता हूं और 23 मार्च को शाम 6 बजे शुभपल्ली पखांजूर निवासी मिंटु उर्फ सोनू सरकार पिता लक्ष्मण सरकार के यहां शराब लेने गया था। मिंटु सरकार उर्फ सोनु मुझे बाद में आना बोला तो मैं बोला कि मुझे अभि शराब कि जरूरत है। इतने में मिंटु सरकार मुझसे नाराज होकर गाली देने लगा। तब मिंटु सरकार को उर्फ सोनु को गाली देने से किया तो आरोपी ने तुम कौन होते हो और किसी भी समय शराब लेने के लिए आ जाते हो कहकर जान से मार डालूंगा कहते हुए हाथ मुक्का थप्पड़ से तथा जमीन में गिराकर लात से मारपीट किया है। मारपीट से चेहरा, बांए हाथ, बांए पैर, पिठ, सिना में दर्द हो रहा है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मिन्टू सरकार के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### आंगनबाड़ी अब सुबह 7 से 11 बजे तक खुलेगी

**कांकेर।** प्रदेश में गर्मी की अधिकता के कारण बच्चों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए ग्रीष्मकाल की अवधि में आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन के समय में परिवर्तन किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि आगामी 01 अप्रैल से 30 जून तक जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन की समयावधि 6 घण्टे से घटाकर 4 घण्टे की गई है। समयावधि में उक्त परिवर्तन करने पर आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन प्रातः 07 से 11 बजे तक किया जाएगा।

महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष समेत पदाधिकारियों का नगर में हुआ स्वागत

# मातृशक्ति के उत्थान में सरकार की योजनाएं मील का पत्थर : विभा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी का बस्तर प्रवास के दौरान धमतरी में महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने शास्त्री चौक में स्वागत किया। ज्ञात हो कि विभा समेत महिला मोर्चा की पदाधिकारी दंतेश्वरी माता मंदिर में ध्वज एवं चुनरी यात्रा में शामिल होने बस्तर जा रही थी।

इस दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए विभा अवस्थी ने कहा कि प्रदेश में सुशासन की सरकार जनता के विश्वास पर खरी उतरी है। सरकार की विभिन्न योजनाएं मातृशक्तियों के सशक्तिकरण और उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

उन्होंने सरकार की प्रमुख योजनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि महतारी वंदन योजना के तहत विवाहित महिलाओं को प्रतिवर्ष 12,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है, जिसके लिए बजट में 8,200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। रानी दुर्गावती योजना अंतर्गत बालिकाओं को 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 1.5 लाख रुपये की राशि प्रदान की जाएगी, जिसके लिए 15 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

इसी प्रकार महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं के नाम पर भूमि, भवन एवं अचल संपत्ति के पंजीयन शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। आंगनबाड़ी केंद्रों के विस्तार के तहत शहरी क्षेत्रों में 250 तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 500 नए केंद्रों के निर्माण हेतु 42 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वहीं लखपति दीदी योजना के तहत महिलाओं को स्वरोजगार के लिए सहायता प्रदान की जाएगी, जिसके लिए 5 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। इस अवसर पर बीथिका विश्वास, जिला अध्यक्ष अनीता यादव, अर्चना चौबे, प्रियंका सिन्हा, अंगिरा ध्रुव, जीतेश्वरी साहू, पवित्रा देवान, अनीता सोनकर, जागेश्वरी साहू, मोनिका देवांगन, पूजा कुंजाम, दमयंती गजेंद्र, डॉली सोनी, लक्ष्मी बया सरपंच, सरिता यादव, सुशीला तिवारी, अनिता वर्मा, रीता सोनी, सत्यप्रभा साहू एवं युवा मोर्चा जिला महामंत्री जीतेश सिन्हा, देवेश साहू, मुकेश यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रुद्री के शीतला मंदिर में 51 दीप जले





**धमतरी।** रुद्री के शीतला माता मंदिर में ग्रामवासियों एवं कॉलोनीवासियों के सहयोग से आस्था के 51 ज्योति कलश जगमगा रहे हैं। माता की सेवा में बैगा एवं पदाधिकारी जुटे हुए हैं। यह जानकारी अध्यक्ष केशवराम और गिरधर साहू ने दी।

## मोखा में आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण



- आंगनबाड़ी से बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा, पोषण और संस्कार मिलता है : रामू

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम मोखा में नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राथमिक साख सहकारी समिति कुर्रा बागतराई के मुरारी यदु ने की। विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत अरुण सार्वा,अमन राव (अध्यक्ष भाजपा मंडल रांवां धमतरी), महेश राम यदु (ग्राम पटेल), बिसौहाराम साहू (ग्राम पटेल बागतराई), देहुति साहू (सभापति म.बा.वि.ज. धमतरी), परमेश्वर साहू (पूर्व अध्यक्ष सोसाइटी तरसींवा), शांतनु राव शिंदे, रेवा राम साहू, घनश्याम देवांगन एवं लीलेश्वरी साहू थे। मुख्य अतिथि श्री रोहरा ने कहा कि आंगनबाड़ी भवन केवल एक भवन नहीं, बल्कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। यहां से बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा, पोषण और संस्कार मिलता है जो उनके संपूर्ण व्यक्तित्व विकास में अहम भूमिका निभाते हैं।

आगे कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा और पोषण की व्यवस्था को सुदृढ़ करना उनकी प्राथमिकता है और इसके लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि वे बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य व शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। मौके पर कमलेश यदु, बलदाऊ राम, यशवंत, सरजू साहू, जामुन यदु, सुमित्रा निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## समाज के विकास के लिए एकजुटता जरूरी : कविता



- रांवा में आयोजित कर्मा जयंती समारोह में शामिल हुईं जिला पंचायत सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम रांवा में भक्त माता कर्मा की जयंती साहू समाज द्वारा मनाई गई। अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कविता बाबर थीं। उन्होंने भक्त माता कर्मा की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि माता कर्मा ने अपना संपूर्ण जीवन प्रभु श्रीकृष्ण की भक्ति भाव में व्यतीत किया। उस समय भेदभाव, छुआछूत अमीर गरीब का प्रचलन था। जगन्नाथ पुरी के मंदिर में माता कर्मा भगवान को खिचड़ी का भोग लगाना चाहती थी लेकिन उन्हें एक गरीब महिला समझकर पुजारियों ने उन्हें मंदिर के अंदर जाने नहीं दिया। लेकिन माता की भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान कृष्ण स्वयं उनके घर में पधारे और उनके द्वारा प्रस्तुत खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। आगे कहा कि आपका समाज प्रगतिशील समाज है और हर क्षेत्र में अपनी सफलता का परचम लहरा रहा है। इस सफलता के पीछे सामाजिक संगठन की मज़बूती, एकजुटता और भाईचारे की भावना निहित है। मौके पर पूर्व जनपद सदस्य मानिक साहू,जयंती साहू, जनपद सदस्य देहुति साहू, सरपंच ज्ञानिक साहू, लालचंद साहू, डालेश्वर साहू, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष उषा साहू, देवकी साहू, पुष्पा साहू, हिंछा साहू, गैंदलाल साहू समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।



## अछोटी के शीतला मंदिर में 51 दीप जले

**सिर्री।** ग्राम अछोटी स्थित शीतला माता मंदिर में धार्मिक आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला, जहां श्रद्धालुओं द्वारा 51 ज्योति प्रज्वलित की गई है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तों ने माता का दर्शन कर पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर भक्ति भाव से सराबोर रहा। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही और पंचमी पर माता शीतला की विशेष पूजा-अर्चना की गई। महिलाओं और युवाओं में भी चैत्र नवरात्रि को लेकर भारी उत्साह है। अछोटी के बैगा ठाकुरराम साहू के बताया कि 51 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित करने का उद्देश्य परिवार सहित गांव में सुख-शांति और समृद्धि की कामना करना है। ग्रामीणों का मानना है कि शीतला माता की पूजा करने से रोग और संकट दूर होते हैं। धार्मिक आयोजनों में लोगों की आस्था लगातार बढ़ रही है।

## भगत सिंह-सुखदेव-राजगुरु को किया नमन



- युवा कांग्रेस ने जय स्तम्भ चौक में मनाया शहीद दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

युवा कांग्रेस ने सोमवार को शहर के जय स्तम्भ चौक में शहीद दिवस मनाया। शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के छायाचित्र में माल्यार्पण एवं कैण्डल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान युकां नेताओं ने शहीदों के बलिदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

युवा कांग्रेस जिला महासचिव गीतराम सिन्हा ने कहा कि अंग्रेजों से लड़ते हुए इन युवाओं की शहादत ने पूरे देश को झकझोर दिया था। यह बलिदान हमें अन्याय के खिलाफ मजबूती से लड़ने की प्रेरणा देता है। इस दौरान जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सोनवानी, गुड्डा दिवान, कन्हैया सोनी, विशु देवांगन, प्रवीण साहू ब्लॉक अध्यक्ष पुखराज साहू, आशुतोष खरे, देवेंद्र देवांगन, सूरज पासवान, नवीन गजेंद्र, यशवंत गुरु, कृष्णा छांटा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अटल डिजिटल सेवा केंद्र शेड निर्माण का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम पंचायत कलारतराई के शिव मंदिर प्रांगण में जनपद सदस्य निधि से शेड निर्माण व ग्राम पंचायत भवन में अटल डिजिटल सेवा केंद्र भवन निर्माण का भूमिपूजन हुआ। मुख्य अतिथि गीतेश्वरी साहू जनपद सदस्य धमतरी थी। अध्यक्षता कुलदीप ध्रुव सरपंच ने की। विशिष्ट अतिथि धनसाय नेताम, गोपाल साहू, रामकुमार साहू थे। निर्माण कार्य में 8 लाख की लागत आयेगी। इस अवसर पर पूर्व जनपद सदस्य गोपाल साहू, गजेंद्र साहू, रामस्वरूप साहू, निर्मल साहू, हिमांशु साहू सरपंच दर्री, उपसरपंच माधवेंद्र साहू, रवि प्रकाश सेन, उर्मिला साहू, सुशीला साहू, कुंती साहू, धनेश्वरी सिन्हा, टोमिन निर्मलकर, रामकुमारी साहू, निरंजन साहू सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## प्राइम लोकेशन पर 27 दुकानें निगम ने शुरू की आबंटन प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर में व्यापारिक गतिविधियों को नई रफ्तार देने के लिए नगर निगम ने 27 दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। महापौर रामू रोहरा के मार्गदर्शन और आयुक्त प्रिया गोयल के निर्देशन में जनपद कार्यालय के पास और ऑडिटोरियम परिसर में तैयार हो रही इन दुकानों के लिए ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की गई है।

जानकारी के अनुसार महात्मा गांधी वार्ड स्थित कलेक्टोरेट मोड़ के सामने मुख्य सड़क किनारे जनपद कार्यालय के पास 13 दुकानें बनाई जा रही हैं, जबकि ऑडिटोरियम परिसर में 14 दुकानों का निर्माण किया जा रहा है। दोनों ही स्थान शहर के प्रमुख और व्यस्त व्यावसायिक क्षेत्रों में शामिल हैं, जहां व्यापार की बेहतर संभावनाएं मानी जा रही हैं।

इच्छुक व्यापारी निर्धारित प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेज स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी भेजे जा सकते हैं। निर्धारित समय सीमा के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

ज्ञात हो कि दुकानों का निर्माण कार्य तेजी से जारी है और प्लिंथ स्तर तक काम पूरा हो चुका है। इन दुकानों के शुरू होने से स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलने के साथ रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे, जिससे शहर की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

## एक और आदतन बदमाश पर जिलाबदर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



एसपी की अनुशंसा पर एक और आदतन बदमाश के विरूद्ध कलेक्टर द्वारा जिलाबदर का आदेश पारित किया गया है। आदतन बदमाश एक वर्ष तक 6 जिलों से निष्कासित रहेगा। पुलिस द्वारा जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए गुंडा एवं आदतन अपराधियों के विरूद्ध लगातार सख्त वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा पर आदतन अपराधी कृष्णा नायक उर्फ बिट्टू को एक वर्ष की अवधि के लिए जिलाबदर किया गया है। उक्त आरोपी थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र का निवासी है जो वर्ष 2018 से लगातार अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है। उसके खिलाफ मारपीट, जान से मारने की धमकी, लूट, डकैती, अवैध कब्जा, हथियार के बल पर भय उत्पन्न करना एवं मोटर व्हीकल एक्ट के उल्लंघन जैसे गंभीर अपराध दर्ज है। आरोपी द्वारा क्षेत्र में भय व असुरक्षा का माहौल निर्मित किया जा रहा था। वहीं युवाओं को नशे की ओर प्रेरित कर सामाजिक व्यवस्था को प्रभावित कर रहा था। जिससे आम जनता में दहशत थी। छग राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5-क-ख के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आरोपी को जिला धमतरी सहित रायपुर, बालोद, गरियाबंद, कांकेर, दुर्ग व कोंडागांव जिलों की राजस्व सीमाओं की सीमा से 1 वर्ष के लिए निष्कासित-जिला बदर किया गया। जिला दण्डाधिकारी द्वारा आरोपी कृष्णा नायक उर्फ बिट्टू पिता नारह सिंह नायक उम्र 27 वर्ष हटकेशर वार्ड थाना सिटी कोतवाली धमतरी निवासी को निर्देशित किया गया है कि वह उपरोक्त जिलों की सीमाओं से दूर रहे तथा निर्धारित अवधि के भीतर बिना सक्षम न्यायालय की अनुमति के प्रवेश न करे। आदेश का उल्लंघन करने पर उसके खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई करते हुए बलपूर्वक निष्कासन किया जाएगा। वर्ष 2025 में कुल 10 बदमाशों को जिलाबदर किया जा चुका है। वहीं वर्ष 2026 में अब तक एक प्रकरण में जिलाबदर की कार्रवाई की गई है।

## गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी पर प्रशासन सख्त, होटल संचालक पर मामला दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- जिले में अब तक 73 सिलेंडर जब्त

जिले में घरेलू और व्यावसायिक गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग और का ला बा जा री को रोकने के लिए प्रशासन ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। इसी कड़ी में खाद्य विभाग की टीम ने नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न होटलों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में औचक दबिश दी। इस जांच अभियान का नेतृत्व सहायक खाद्य अधिकारी भेलेन्द्र कुमार ध्रुव, निलेश चन्द्राकर और खाद्य निरीक्षक वैभव कोरटिया ने किया।

जांच के दौरान शांति कॉलोनी स्थित मालिक केटर्स में बड़ी अनियमितता उजागर हुई है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार इस प्रतिष्ठान के पास 40 नग व्यावसायिक गैस सिलेंडरों का कनेक्शन दर्ज है। हालांकि मौके पर जांच करने पर केवल 23 खाली व्यावसायिक सिलेंडर ही पाए गए। शेष 17 सिलेंडरों के बारे में जब संचालक महेश कुमार रंगलानी से पूछताछ की गई, तो वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके।

सिलेंडरों के इस बड़े अंतर को देखते हुए प्रशासन ने व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी की आशंका जताई है। इसके चलते संचालक के विरुद्ध द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण विनियम) आदेश 2000 की कंडिका 03 और आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर 23 नग इण्डेन व्यावसायिक सिलेंडर जप्त कर लिए गए हैं। गौरतलब है कि जिले में अब तक घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग और कालाबाजारी के खिलाफ कुल 34 प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की जा चुकी है, जिसके तहत अब तक 73 सिलेंडर जब्त किए गए हैं।

## महामंत्र जाप के बाद हुआ दीप यज्ञ



**धमतरी।** कोष्टापारा इकाई के डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड कालिका चौक में सावित्री पटेल के निवास में 24 हजार गायत्री महामंत्र जाप का अनुष्ठान किया गया। महामंत्र जाप के बाद दीप यज्ञ भी किया गया। मौके पर गायत्री शक्ति पीठ धमतरी की पूर्व ट्रस्टी सावित्री पटेल, सुशीला छाटा, गीता साहू, पद्मनी साहू, लक्ष्मी साहू, सुभाषिनी साहू, लता सिन्हा, रूक्मणि साहू, अलका तारम, दशोदा साहू, जानकी पटेल, पदमनी पटेल, दिलीप पटेल, परस पटेल, पूर्वी, हेमांशी उपस्थित थे।

## पंचमी पर 30 साधकों ने किया 30 हजार गायत्री मंत्र का जाप



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धुनादास मंदिर प्रांगण में स्थित गायत्री प्रज्ञा पीठ मुजगहन में साधकों ने 24 हजार गायत्री मंत्र का जाप किया गया। जिला समन्वयक दिलीप नाग ने बताया कि उपासना एवं तप साधना से हमारे शरीर और मन में पवित्रता एवं शुद्धता आती है।

विदित हो कि गायत्री प्रज्ञा पीठ मुजगहन में नवरात्रि पर्व पर नौ दिनों का विशेष आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। प्रतिदिन आरती, चालीसा, ध्यान साधना, गायत्री मंत्र का जाप, संध्या जसगीत हो रहे हैं। पंचमी के दिन 12 घंटे का अखण्ड जाप का आयोजन किया गया जिसमें 30 साधकों ने 30 हजार गायत्री मंत्र का जाप किया। मौके पर भागवत सिन्हा, लालाराम साहू, डा. पूनम साहू, जनक नेताम, धर्मेन्द्र साहू, पुनवाराम साहू, गोविन्द सिन्हा, भानसिंग साहू, श्रीमती चित्रलेखा सिन्हा, तेजेश्वरी साहू, मोहन गंजीर समेत अन्य परिजन शामिल हुए।

## भगतसिंह, सुखदेव, राजगुरु को किया नमन

**धमतरी।** छात्र संगठन एआईडीएसओ कुरूद कॉलेज कमेटी ने महान क्रांतिकारी शहीद ए आजम भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु का शहादत दिवस मनाया गया। जिला सचिव चंद्रभान चक्रधारी, कुरूद कॉलेज कमिटी उपाध्यक्ष चिंटू देवांगन ने बताया कि शहीद भगत सिंह ने कहा था विद्यार्थियों का मुख्य काम पढ़ाई करना है, लेकिन देश की सामाजिक, आर्थिक परिस्थितियों को जानना, समझना और उसमें बदलाव लाना अगर उस शिक्षा में शामिल नहीं है तो मैं ऐसी शिक्षा को निकम्मी समझता हूं। छात्र संगठन ने कहा कि आज छात्र युवाओं में नैतिकता का पतन हो रहा है। छोटे-छोटे बच्चे नशे की ओर जा रहे हैं। महिलाओं, बच्चियों के साथ दुष्कर्म की घटना हो रही है। इन बुराइयों के खिलाफ सांस्कृतिक माहौल बनाना होगा।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### धर्म स्वातंत्र्य कानून से धर्मांतरण पर लगेगी रोक : मीनपाल



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ विधानसभा द्वारा छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक 2026 को सर्वसम्मति से पारित किए जाने पर कीर्तन मीनपाल ने स्वागत किया है। उन्होंने इसे प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान, जनजातीय सुरक्षा और सामाजिक समरसता को मजबूत करने वाला ऐतिहासिक कदम बताया। श्री मीनपाल ने कहा कि ग्रामीण और वनवासी क्षेत्र में लंबे समय से प्रलोभन और छल-कपट से धर्मांतरण के मामले सामने आ रहे थे, जिन पर यह कानून प्रभावी रोक लगाएगा। धार्मिक स्वतंत्रता सभी का अधिकार है, लेकिन धोखाधड़ी या दबाव से धर्म परिवर्तन कराना अपराध है। उन्होंने प्रशासन से कानून के कड़े प्रावधानों को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

### हाथ भट्टी से बनी 13 लीटर महुआ शराब जब्त



**कांकेर।** थाना भानुप्रतापपुर क्षेत्र में चलाए जा रहे उजियारा अभियान के तहत पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। दोनो आरोपी के कब्जे से कुल 13 लीटर देशी महुआ शराब बरामद की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 24 मार्च मुखबिर से जानकारी मिली थी कि आरोपी अवैध रूप से महुआ शराब बेचने का काम करता है। अपने पास महुआ शराब रखा हुआ है। पुलिस ने संजयपारा क्षेत्र में छापेमार कार्रवाई की। इस दौरान आरोपी संजयपारा भानुप्रतापपुर निवासी 41 वर्षीय ज्ञानेश्वर बघेल को उसके घर के पास अवैध रूप से महुआ शराब के साथ पकड़ा। पुलिस ने मौके से 6 लीटर देशी महुआ शराब बरामद कर आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। दूसरी कार्रवाई में भानुप्रतापपुर पुलिस ने 24 मार्च को ग्राम बांसला में दबिश दी गई, जहां आरोपी बड़ेपारा बांसला निवासी 21 वर्षीय मनोज यादव पिता हलाल सिंह यादव के कब्जे से 7 लीटर देशी महुआ शराब बरामद की गई।

### कोयलीबेड़ा के शिक्षक 4 अप्रैल को करेंगे दिल्ली के लिए कूच

**पखांजुर।** विकासखंड कोयलीबेड़ा के शिक्षकों ने शिक्षक पात्रता परीक्षा को अनिवार्य किए जाने के फैसले के विरोध में आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। शिक्षकों ने बताया कि 4 अप्रैल को दिल्ली में आयोजित एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन में भाग लेकर उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। बैठक में शालेय शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष गणेश दास, कार्यकारी जिला अध्यक्ष रंजीत कर, संभाग अध्यक्ष विवेक राय, जिला उपाध्यक्ष अशोक मृदा, ब्लॉक अध्यक्ष हरीश नेताम, नवीन शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष बलविंदर कौर समेत कई शिक्षक उपस्थित रहे।

### अफीम खेती के आरोप पर भाजपा ने किया पलटवार

# भूपेश बघेल के बयान को बताया तपोभूमि के किसानों का अपमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा धमतरी जिले में अफीम की खेती किए जाने संबंधी बयान पर भाजपा ने कड़ी आपत्ति जताते हुए भाजपा जिला कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित की। प्रेस वार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रोहिताश मिश्रा एवं महापौर रामू रोहरा ने संयुक्त रूप से बयान को असत्य, भ्रामक एवं किसानों का अपमान बताया।

कहा कि नगरी-सिहावा क्षेत्र जो तपस्वी देवभूमि के रूप में जाना जाता है, वहां के मेहनतकश किसानों पर इस प्रकार का आरोप लगाना दुर्भाग्यपूर्ण है। यह बयान न केवल पूरी तरह निराधार है, बल्कि जिले के अन्नदाताओं की छवि को धूमिल करने का प्रयास भी है।

धमतरी जिले की पहचान धनहा धमतरी के रूप में है, जहां किसान मुख्य रूप से धान, चना, गेहूं, मक्का, सरसों, गन्ना, फल-फूल, सब्जी, दलहन एवं तिलहन फसलों की खेती करते हैं।

यहां के किसान अपनी मेहनत, ईमानदारी और सादगी के लिए जाने जाते हैं। आयुक्त भू-राजस्व, छग के निर्देश पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा द्वारा कृषि, राजस्व, उद्यानिकी एवं पुलिस विभाग के सहयोग से जिले के सभी विकासखंड धमतरी, कुरुद, नगरी एवं मगरलोड सर्वेक्षण और निरीक्षण कराया गया। सर्वे रिपोर्ट में कहीं भी अफीम की अवैध खेती पाए जाने का कोई उल्लेख नहीं है।

भाजपा नेताओं ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में पूरे प्रदेश में भ्रष्टाचार, नशाखोरी, घूसखोरी एवं कमीशनखोरी के अनेक मामले सामने आए, जिनमें कई नेता और मंत्री जांच का सामना कर रहे हैं या उनके विरुद्ध प्रकरण दर्ज हैं। ऐसे में तथ्यहीन आरोप लगाना केवल राजनीतिक भ्रम फैलाने का प्रयास है।

प्रकाश बैस एवं रोहिताश मिश्रा ने भूपेश बघेल से मांग की है कि वे अपने इस निराधार एवं अपमानजनक बयान के लिए सार्वजनिक रूप से किसानों से माफी मांगें, अन्यथा किसान समाज के सम्मान की रक्षा के लिए आगे उचित कदम उठाए जाएंगे।

प्रेस वार्ता में जिला मीडिया प्रभारी उमेश साहू, जिला महामंत्री राकेश साहू, महेंद्र पंडित, मोनिका देवांगन, अर्चना चौबे, हेमंत चंद्राकर, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष शुभांक मिश्रा समेत अन्य मौजूद थे।

# चुनरी यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



■ झांकियों और बस्तरिया नृत्य ने बांधा समां



चैत्र नवरात्रि पर सोमवार की शाम शहर भक्ति और उत्साह के रंग में सराबोर नजर आया, जब मां बिलाई माता सेवादार समिति के तत्वावधान में भव्य चुनरी, झांकी एवं पालकी शोभायात्रा का आयोजन पूरे हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन में शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु शामिल हुए और जय माता दी के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। शोभायात्रा घड़ी चौक से पूजा-अर्चना के साथ प्रारंभ हुई, जो मठ मंदिर मार्ग होते हुए मां विंध्यवासिनी मंदिर प्रांगण पहुंचकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए और जगह-जगह पुष्पवर्षा एवं स्वागत की भव्य व्यवस्था की गई थी। मुख्य आकर्षणों में बस्तरिया नृत्य ने सबका मन मोह लिया। पारंपरिक डांग-डोरी, गड़वा बाजा की थाप पर कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी, जिससे पूरा माहौल उत्सवमय हो गया। माता के नौ स्वरूपों की सजीव झांकियां, सुसज्जित पालकी और माता सेवागीतों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में डूबे रहे।

आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने का सशक्त माध्यम भी है।

# भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव 27 को धूमधाम से मनेगा

■ किले के श्रीराम मंदिर में दिनभर होंगे धार्मिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



इतवारी बाजार स्थित किले के श्री राम मंदिर में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव 27 मार्च को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस वर्ष भी आकर्षक धार्मिक आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

आयोजन समिति के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 7 बजे अभिषेक एवं श्रृंगार पूजन से होगी। सुबह 10 बजे से सुमधुर भजन प्रस्तुति एवं संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ श्री मंगलमूर्ति भजन परिवार द्वारा किया जाएगा। दोपहर 12 बजे भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव, महाआरती एवं प्रसादी वितरण किया जाएगा।


शाम 6 बजे रामायण पाठ एवं महाआरती होगी। कार्यक्रम के संरक्षक के रूप में अंजलि राजे, चूड़ामणि राव कृदत्त, वरिष्ठ न्यासी जानकी प्रसाद शर्मा, डॉ. एनपी गुप्ता एवं अध्यक्ष दिग्विजय सिंह कृदत्त की प्रमुख भूमिका है। आयोजन को सफल बनाने में उपाध्यक्ष सुदर्शन गुप्ता, महासचिव सूर्यकांत तिवारी, अशोक पवार, सहसचिव विनित गुप्ता, मीडिया प्रभारी विकांत शर्मा सक्रिय हैं। ट्रस्टीगण में राजेन्द्र श्रोती, भूरा ग्वाल, संतोष सोनी, प्रदीप गुप्ता एवं नितिन गुप्ता सहित अन्य सदस्यों का विशेष सहयोग मिल रहा है।

# शहर का आईना बस स्टैंड, जल संवर्धन शहर की आत्मा

■ लोक निर्माण विभाग के अध्यक्ष ने हाईटेक बस स्टैंड के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण








हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नगर निगम में विकास कार्यों को गति देने के लिए लोक निर्माण विभाग के अध्यक्ष विजय मोटवानी लगातार सक्रिय नजर आ रहे हैं। वे प्रतिदिन निगम कार्यालय में विभागीय समीक्षा करने के साथ ही जमीनी स्तर पर भी अमले के साथ पहुंचकर कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं, ताकि किसी प्रकार की लापरवाही न हो। महापौर रामू रोहरा के साथ समन्वय बनाते हुए वे शहर के बड़े प्रोजेक्ट और बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने में जुटे हुए हैं।

इसी क्रम में खपरी में प्रस्तावित हाईटेक बस स्टैंड के निर्माण कार्य को आगे बढ़ाने के लिए विजय मोटवानी ने प्रोजेक्ट इंजीनियर, साइट इंजीनियर और ठेकेदारों के साथ स्थल निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसी भी शहर की पहचान वहां का बस स्टैंड होता है। बाहर से आने वाले लोगों पर इसका पहला प्रभाव पड़ता है, इसलिए बस स्टैंड को सर्वसुविधायुक्त बनाना प्राथमिकता है। यहां व्यवस्थित पार्किंग, स्वच्छ शौचालय, खानपान की सुविधाएं और व्यावसायिक परिसर विकसित किए जाएंगे। साथ ही निर्माण कार्य की नियमित मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित की जाएगी।

विजय मोटवानी ने पेयजल व्यवस्था को लेकर भी गंभीरता जताते हुए कहा कि जल संवर्धन संयंत्र का निर्माण तेजी से पूरा कर शहरवासियों को समर्पित किया जाएगा, क्योंकि पेयजल शहर की आत्मा के समान है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार, जिला प्रशासन और नगर निगम के तालमेल से कई विकास कार्य आगे बढ़ रहे हैं।

आने वाले समय में रत्नाबांधा चौक से मुजगहन और सिहावा चौक से कोलियारी तक सड़कों का चौड़ीकरण एवं डिवाइडर का निर्माण किया जाएगा। साथ ही शहर के तालाबों के सौंदर्यीकरण और आंतरिक सड़कों के डामरीकरण का कार्य भी प्रस्तावित है, जिससे धमतरी के समग्र विकास को नई गति मिलेगी।

# छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर आंदोलन की चेतावनी



■ एनएसयूआई 30 मार्च से चरणबद्ध आंदोलन करेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

छात्र संघ चुनाव बहाली की मांग को लेकर एनएसयूआई ने राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा कर आंदोलन की रणनीति स्पष्ट की। संगठन ने आरोप लगाया कि प्रदेश के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में लंबे समय से छात्र संघ चुनाव नहीं होने से छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन हो रहा है और उनकी आवाज दबाई जा रही है।

जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने बताया कि वर्तमान में छात्र फीस वृद्धि, छात्रवृत्ति में देरी, शिक्षकों की कमी, मूलभूत सुविधाओं के अभाव और परीक्षा परिणामों में अनियमितता जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि छात्र संघ चुनाव केवल औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि छात्रों के अधिकार, प्रतिनिधित्व और भागीदारी सुनिश्चित करने का माध्यम है।

प्रेस वार्ता में आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया गया कि संगठन 30 मार्च को प्रदेश भर के महाविद्यालयों में ज्ञापन सौंपेगा। इसके बाद 6 अप्रैल को प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों का घेराव किया जाएगा। 16 से 20 अप्रैल के बीच राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ के नेतृत्व में सीएम हाउस का घेराव किया जाएगा। एनएसयूआई ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र छात्र संघ चुनाव बहाल नहीं किया गया तो संगठन उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। इस दौरान एनएसयूआई जिलाध्यक्ष के साथ यश दुबे, नमन बंजारे, प्रीतम सिन्हा, तेजप्रताप साहू, लिकेश साहू, रोशन वन्दे, सुदीप सिन्हा, नोमेश सिन्हा उपस्थित थे।

# नौकायान प्रतियोगिता में स्वच्छता पोस्टर का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी





आस्था मंच ने महानदी स्वच्छता सफाई अभियान के बारह वर्ष पूरे होने पर स्वच्छता पोस्टर का वितरण गंगरेल में आयोजित नौकायन प्रतियोगिता में महापौर रामू रोहरा, पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू, पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, गंगरेल मडल अध्यक्ष मोनिका देवांगन व कलेक्टर अबिनाश मिश्रा व पर्यटकों की उपस्थिति में किया।

मौके पर मंच के अध्यक्ष संदीप अग्रवाल, सचिव सत्यनारायण वर्मा व महानदी सफाई अभियान के संयोजक हेमराज सोनी व उमेश बशिष्ट समेत अन्य उपस्थित थे। ज्ञात हो कि मुख्यमत्री विष्णु देव साय द्वारा सिरपुर महोसव में स्वच्छता पोस्टर का विमोचन किया गया था। पोस्टर का वितरण गंगरेल में नौकायान प्रतियोगिता के दौरान किया गया। साथ ही लोगों को महानदी को स्वच्छ व सुंदर रखने का संकल्प दिलाया गया। इस दौरान महानदी की आरती कर दीपदान भी किया गया।

# ब्राम्हण पारा में पेयजल पाइपलाइन का विस्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ब्राम्हण पारा वार्ड के पार्षद कोमल सार्वा ने नगर निगम के जल विभाग के सहयोग से पेयजल पाइपलाइन का विस्तार एवं मरम्मत कार्य करवाया। पाइप लाइन में जहां-जहां लिकेज हो रहा था, उस स्थान पर नया पाइप लगाया गया है। श्री सार्वा ने जनता से अपील की है कि इन गर्मी में हमें एक-एक बूंद पानी बचाना होगा ताकि पानी की कमी न हो। मौके पर अवधेश पांडे, राजू सोनकर, आनंद कसार, त्रिलोक वाल्मीकि, शशि वाल्मीकि, हिमांशु सोनकर, केशव रिगरी, साकेत यादव ने पार्षद के इस कार्य की सराहना की।

# जहर सेवन से वृद्ध की मौत

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से 66 वर्ष के एक वृद्ध ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम झुरातराई निवासी पलराम ध्रुव पिता चैतूराम उम्र 66 वर्ष घर में रहकर अपने नाती व नातिन की देखरेख करता था। सोमवार को उसका बेटा ग्राम सियादेही गया था। घर में वृद्ध व बच्चे थे। इसी दौरान वृद्ध ने घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर वृद्ध बेहोश हो गया था। जानकारी होने पर गांव के हेमलाल ने उसके बेटे को फोन पर घटना की जानकारी दी। सूचना पर वह तत्काल घर पहुंचा और वृद्ध को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान सोमवार की शाम वृद्ध की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने मंगलवार को पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया। वृद्ध द्वारा जहर सेवन करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।







# सेमर वृक्ष से खतरा, आंगनबाड़ी में तालाबंदी की चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

आंगनबाड़ी से लगे सेमर वृक्ष की कटाई नहीं होने पर एक अप्रैल से आंगनबाडी में तालाबंदी की चेतावनी वार्डवासियों ने दी है। मंगलवार को कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचे रिसाईपारा पश्चिम के वार्डवासी अनीता, सविता श्रीवास्तव, भारती नेताम, दीपाली नेवारे, मोनिका ने वन अधिकारी के नाम जिलाधीश को आवेदन कर कहा है कि रिसाईपारा पश्चिम स्थित आंगनबाड़ी में सेमर का वृक्ष लगा हुआ है। यह वृक्ष अति जर्जर अवस्था में है। इसकी जड़ें दीवारों तक फैल चुकी हैं। पेड़ पुराना तथा खोखला हो चुका है। वृक्ष की शाखाएं बिजली कनेक्शन से लिपटी हुई हैं। शाखाएं अपने आप टूटकर गिरती रहती हैं। जर्जर वृक्ष से बच्चे, छोटे बच्चों के अलावा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, वार्डवासी एवं आने जाने वाले कभी भी गंभीर दुर्घटना के शिकार हो सकते हैं। वार्डवासियों ने कहा है कि सेमर वृक्ष को सात दिनों के भीतर कटवाया जाए अन्यथा वार्डवासी, पालकगण भयवश आंगनबाड़ी में 1 अप्रेल से तालाबंदी करेंगे जिसकी जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# भाजपा नेताओं के संरक्षण में हो रही अफीम की खेती

**धमतरी।** जिले में कथित अवैध अफीम खेती को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। जिला कांग्रेस



कमेटी अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने आरोप लगाया कि धमतरी सहित दुर्ग, बलरामपुर और रायगढ़ में अफीम की खेती भाजपा नेताओं के संरक्षण में फल-फूल रही है। श्रीमती चंद्राकर ने कहा कि आज पूरा प्रदेश सहित धमतरी जिला नशे की गिरफ्त में फंसता जा रहा है। युव प्रतिबंधित नशीले पदार्थ का सेवन कर चाकू-बाजी, हत्या, चोरी-डकैती सहित महिला उत्पीड़न जैसे गंभीर अपराध को अंजाम दे रहे हैं। प्रदेश में भाजपा की रिमोट कंट्रोल से चलने वाली विष्णु देव साय सरकार ने धान के कटोरा के रूप में पहचान रखने वाली प्रदेश को अफीम की कटोरा के रूप में पहचान देकर एक अलग कीर्तिमान बनाया है। उन्होंने राज्य सरकार पर प्रशासनिक दबाव का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि प्रतिबंधित नशीले पदार्थों पर रोक नहीं लगी तो समाज पर गंभीर असर पड़ेगा।

